E-mail- eeupjnetahrural@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज

कलैक्ट्रेट परिसर, सोरों रोड़ प्रहलादपुर, कासगंज, 207123

**पत्रांक 1015 / पेपर कटिंग सूचना (एटा) / 13 दिनांक :– 07.05.2026**

**सेवा में,**

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद एटा।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 07.05.2026 प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन... अधूरा काम, पूरा इंतजार" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक जनपद एटा में दैनिक समाचार पत्र **अमर उजाला में दिनांक 07.05.2026 प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन... अधूरा काम, पूरा इंतजार"** के सम्बंध में अवगत कराना है कि जनपद एटा में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 489 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसमें 98 नग पेयजल योजनायें पूर्ण की जा चुकी है। 91 नग पेयजल योजनायें 90 प्रतिशत, 208 नग पेयजल योजनाओं के कार्य 75 से 90 प्रतिशत, शेष 92 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य 50 प्रतिशत तक पूर्ण है। वर्तमान में 236 नग राजस्व ग्रामों में नियमित क्लोरिनयुक्त जलापूर्ति की जा रही है।

**धरपसी पेयजल योजना विकास खण्ड मारहराः–** धरपसी पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 1 नग (175 किली0/14मी0) अवर जलाशय के सापेक्ष सिलिण्डरी कल वॉल तक कार्य पूर्ण है। प्रस्तावित 8.48 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 8.42 किमी0 पाइप लाइन का कार्य पूर्ण, प्रस्तावित पम्प हाउस, सोलर तथा बाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण है। प्रस्तावित 562 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 486 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी 4.58 किमी0 रोड़/सड़कों की मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शासन द्वारा धनावंट न होने के कारण पेयजल योजना के अधिकांश कार्य प्रभावित है। धनावंटन उपरान्त पेयजल योजना के अवशेष कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण कर जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है।

**लालगढ़ी पेयजल योजना विकास खण्ड शीतलपुरः–** लालगढ़ी पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर विगत एक वर्ष से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

**सकीट पेयजल योजना विकास खण्ड सकीटः–** सकीट पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 2 नग (150 किली0/10मी0) & (175 किली0/16मी0) अवर जलाशय के सापेक्ष 2 नग अवर जलाशयों का कार्य टॉप डॉम तक कार्य पूर्ण है। प्रस्तावित 14.97 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 11.28 किमी0 पाइप लाइन का कार्य पूर्ण, प्रस्तावित 2 नग पम्प हाउस, 2 नग सोलर तथा 2 नग बाउण्ड्रीवॉल के सापेक्ष 2 नग वाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण किया गया है। प्रस्तावित 751 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 370 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण है। अवशेष कार्य प्रगति पर है। पेयजल योजना के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया जायेगा। शासन द्वारा धनावंट न होने के कारण पेयजल योजना के अधिकांश कार्य प्रभावित है। धनावंटन उपरान्त अवशेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**(अरूण सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अलीगढ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, जनपद एटा।
4. जिला सूचना अधिकारी, जनपद एटा।
5. अमर उजाला दैनिक समाचर पत्र एटा।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर एटा।

**अधिशासी अभियन्ता**